RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 22 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 118 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App



## प्याज निर्यात पर सरकार के फैसले से महाराष्ट्र में उबाल

## सड़क पर उतरे किसान

**मुंबई :** सरकार ने कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका के बीच घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए शनिवार को प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया था। प्याज पर 31 दिसंबर 2023 तक प्याज पर यह निर्यात शुल्क जारी रहेगा। पीयूष गोयल और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मिलने दिल्ली जा रहे हैं। मुंडे ने माना कि केंद्र का फैसला किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि उचित समाधान खोजने का प्रयास करेंगे।

कांग्रेस का आरोपः कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने आरोप लगाया कि भाजपा-शिवसेना सरकार उद्योगपतियों और व्यापारियों की समर्थक है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार प्याज की कीमतें कम रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और उसे किसानों के हितों की कोई परवाह नहीं है। हम केंद्र सरकार के इस फैसले (प्याज पर निर्यात शुल्क लगाना) की निंदा करते हैं। प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र में किसान सड़कों पर उतर आए हैं। प्रमुख प्याज उत्पादक क्षेत्र नासिक में विरोध प्रदर्शन चरम पर पहुंच गया है।

# मुंबई में होने वाली 'इंडिया' की बैठक में शामिल होगी AAP

## अरविंद केजरीवाल ने की पुष्टि

**मुंबई : महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में होने वाली (इंडिया) की बैठक में आम आदमी पार्टी (आप) शामिल होगी. इस बात की पुष्टि आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने की.**






**मुंबईः** अरविंद केजरीवाल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'हां हम मुंबई में जाएंगे और जो भी रणनीति बनेगी उसके बारे में अवगत करा दिया जाएगा.' ये बैठक मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को होनी है. अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के बीच कई मामलों में असहमति दिखने के बाद संशय बना हुआ था कि वह बैठक में शामिल होंगे या नहीं. अब स्थिति साफ हो गई है कि सीएम केजरीवाल इस बैठक में हिस्सा लेने जा रहे हैं. मुंबई में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक में 26 से ज्यादा राजनीतिक दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है. वर्तमान में 26 दल गठबंधन समूह का हिस्सा हैं और दो दिवसीय बैठक के दौरान कुछ और दल गठबंधन में शामिल होने के लिए तैयार हैं. इस बैठक में गठबंधन के लोगो का अनावरण होने की उम्मीद भी जताई जा रही है.

इसके अलावा उन्होंने संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का ऐलान भी कर दिया. उन्होंने कहा, 'चुनाव से पहले मैंने ये गारंटी दी थी कि सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित करूंगा, वो मैं आज कर रहा हूं. मैं जो कहता हूं, वो मैं करता हूं. नियमित करना बहुत बड़ा काम है. बाकी लोगों को भी नियमित किया जाएगा. थोड़ा समय जरूर लग सकता है लेकिन सभी को नियमित किया जाएगा.

# उपनगरों में 12 स्थानों पर भूमिगत कचरा डिब्बे स्थापित करेगी बीएमसी

**मुंबई,** बीएमसी अस्पतालों के परिसरों में भूमिगत कचरा डिब्बे स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है, बीएमसी अब इस परियोजना को उपनगरों में ले गई है। नगर निकाय पूर्वी उपनगरों में 12 स्थानों पर ऐसे डिब्बे स्थापित करेगा। पश्चिमी उपनगरों के कुछ वार्डों ने अपने क्षेत्र में इसी तरह की व्यवस्था के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के समक्ष अपनी मांग रखी है।



बीएमसी अधिकारी अब कूड़ेदान लगाने के लिए स्थानों की पहचान कर रहे हैं। 'साइटों की पहचान करने के बाद वार्ड के साथ समन्वय करेंगे और क्षेत्र में भूमिगत उपयोगिताओं का एक नक्शा लिया जाएगा।

एक बार स्थान तय हो जाने के बाद, निविदा प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

जून में, बीएमसी ने नागरिक अस्पतालों में 15 भूमिगत कचरा डिब्बे स्थापित करने के लिए एक निविदा जारी की; परेल के केईएम में छह, सायन अस्पताल में चार, कस्तूरबा में दो और टीबी अस्पताल, सेवरी में तीन। अधिकारियों के अनुसार, यह उन्नत सुविधा कूड़े की दुर्गंध को रोकेगी और आवारा जानवर कूड़े को इधर-उधर नहीं फेंकेंगे क्योंकि इससे इधर-उधर गंदगी नहीं फैलेगी।

इसलिए, कूड़ेदान अस्पताल परिसर को साफ और स्वच्छ रखने में मदद करेंगे। परियोजना की अनुमानित लागत 2.44 करोड़ आंकी गई है।जबकि डिब्बे एक साल की वारंटी और दो साल के रखरखाव अनुबंध के साथ आएंगे।



## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, चलती हुई 5 कारों पर पलटा कंटेनर, 2 की मौत, 4 घायल

**मुंबईः** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हादसा हुआ है। एक कंटेनर के पलट जाने और 5 कारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस घटना में 2 लोगों की जान चली गई है। जबकि 4 अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। मौके पर राहत काम चल रहा है। मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर हुई यह घटना पुणे से मुंबई जाते वक्त 35 किलोमीटर दूर हुआ। घायलों में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई हैं। मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए हैं, जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कंटेनर मुंबई जाने वाली लेन को छोड़कर पुणे जाने वाली लेन पर पलट गया, जिसके बाद भीषण दुर्घटना हुई।

कार में सवार 1 महिला और ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को एमजीएम अस्पताल कामोठे में भर्ती कराया गया है। मुंबई-पुणे एक्प्रेसवे पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सोमवार को हुआ हादसा इतना बड़ा था कि कारों की स्थिति देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है। कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। आलम यह है कि उनके मलबे को देखकर यह पहचान पाना भी मुश्किल है कि कारें कौन सी हैं।

## उद्धव ठाकरे और संजय राउत को अवमानना मामले में मिली जमानत, सांसद राहुल शेवाले ने दायर की थी याचिका



**मुंबई,** एक तरफ जहां महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना के उद्धव गुट और शिंदे गुट में खींचातानी है। वहीं दूसरी तरफ पार्टी नेताओं की मुश्किलें थमने का नाम ले रही है। हालांकि शिवसेना सांसद राहुल शेवाले द्वारा दायर मानहानि मामले में उद्धव ठाकरे और संजय राउत को राहत मिल गई है। बता दें कि मुंबई के मझगांव कोर्ट में इस मामले की याचिका पर 21 अगस्त को सुनवाई हुई। सुनवाई के दोनों नेताओं ने खुद को निर्दोष बताया। एक तरफ जहां संजय राउत सुनवाई के लिए अदालत पहुंचे।



# संपादकीय / लेख



## विकसित भारत के मार्ग की चुनौतियां

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

देश में सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति लाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है। जब पीवी नरसिंह राव ने 1991 में प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला तब उन्होंने एक नई औद्योगिक नीति की घोषणा की जिसने उदारीकरण निजीकरण और वैश्वीकरण पर जोर दिया। इससे भारत की विकास दर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई। वर्ष 1947 में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) या कुल आय 2.7 लाख करोड़ रुपये और जनसंख्या 34 करोड़ थी। कैंब्रिज के इतिहासकार एंगस मैडिसन के अनुसार वैश्विक आय में भारत की हिस्सेदारी वर्ष 1700 में 22.6 प्रतिशत (यूरोप के 23.3 प्रतिशत के बराबर) से घटकर 1952 में मात्र 3.8 प्रतिशत रह गई थी। इसे देखते हुए कई विदेशी विशेषज्ञ एकजुट रहने की भारत की क्षमता पर संदेह जताने लगे थे। तब भारतीय नेता भी चिंतित थे कि कहीं व्यापार और निवेश के माध्यम से विदेशी शासन आर्थिक नियंत्रण के बहाने वापसी न कर ले। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए पिछले 76 वर्षों में भारत ने आर्थिक स्वतंत्रता को अपनाया और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार करने के साथ–साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में काम किया। आज देश की जीडीपी लगभग 375 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 1951 में शुरू की गई पहली पंचवर्षीय योजना कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि एवं सिंचाई पर केंद्रित थी। 1956 में शुरू की गई दूसरी पंचवर्षीय योजना ने भारत की दीर्घकालिक विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आर्थिक आधुनिकीकरण की नींव रखी। पं. नेहरू के बाद प्रधानमंत्री बने लालबहादुर शास्त्री ने हरित क्रांति और श्वेत क्रांति को प्रोत्साहन दिया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की सुविधा के उद्देश्य से 1965 में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) की स्थापना की गई। हरित क्रांति के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 1978–79 में 13.1 करोड़ टन का रिकार्ड अनाज उत्पादन हुआ। इसने भारत को दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादकों में से एक के रूप में स्थापित किया। पिछली सदी का सातवां दशक भारत के लिए विभिन्न आर्थिक चुनौतियां भी लेकर आया था। रुपये के अवमूल्यन ने विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ा दी थीं। 19 जुलाई, 1969 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री इंदिरा गांधी ने देश के 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का फैसला किया, जिसका मुख्य उद्देश्य अकेले बड़े व्यवसायों के विपरीत बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र को दिए गए ऋण को बढ़ाना था। वित्त वर्ष 1985–86 के आम बजट में प्रत्यक्ष करों को कम करने जैसे कुछ सुधार किए गए। देश में सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति लाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है। जब पीवी नरसिंह राव ने 1991 में प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला तब उन्होंने एक नई औद्योगिक नीति की घोषणा की, जिसने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण पर जोर दिया। इससे भारत की विकास दर, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई। अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की आधारभूत संरचना पर ध्यान दिया। उनकी स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली और मुंबई को हाईवे नेटवर्क से जोड़ा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से शहर एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# सनसनीखेज रिपोर्ट; केंद्रीय गृह मंत्रालय सबसे ज्यादा भ्रष्ट

**नई दिल्ली,** केंद्र की मोदी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त होने का दावा करती है, पर यह सच नहीं है। हाल ही में केंद्रीय सतर्कता आयोग ने एक रिपोर्ट जारी की है। इस सनसनीखेज रिपोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्रालय को सबसे ज्यादा भ्रष्ट पाया गया है। दूसरे नंबर पर रेलवे और तीसरे नंबर पर बैंक आए हैं। बता दें कि सीवीसी (केंद्रीय सतर्कता आयोग) ने साल २०२२ की एक रिपोर्ट जारी की है। इस वार्षिक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें केंद्रीय गृह मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ आईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि २०२२ में केंद्र सरकार के विभागों और संगठनों में सभी वैष्टेगिरी के अधिकारियों और कर्मचारियों की कुल मिलाकर १,१५,२०३ ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से ८५,४३७ का निपटारा कर दिया गया और २९,७६६ पेंडिंग चल रही हैं।

इनमें से २२,०३४ शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक पेंडिंग रहीं।




एक अधिकारी ने बताया कि सीवीसी ने शिकायतों की जांच करने के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारियों के लिए तीन महीने की समय-सीमा निर्धारित की है, जो संस्था की दूरस्थ शाखा के रूप में कार्य करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल गृह मंत्रालय को अपने कर्मचारियों के खिलाफ ४६,६४३ शिकायतें मिलीं, जबकि रेलवे को १०,५८० और बैंकों को ८,१२९ शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि गृह मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ कुल शिकायतों में से २३,९१९ का निपटारा कर दिया गया और २२,७२४ लंबित हैं, जिनमें से १९,१९८ शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय से लंबित हैं। इस रिपोर्ट को हाल ही में सार्वजनिक किया गया है। इसमें कहा गया है कि रेलवे ने ९,६६३ शिकायतों का निपटारा कर दिया है, जबकि ९१७ का निपटान लंबित है। सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि ४,३०४ शिकायतें कोयला मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ थीं, इनमें से ४,०५० का निपटारा कर दिया गया। ४,२३६ शिकायतें श्रम मंत्रालय के खिलाफ थीं, इनमें से ४,०१६ का निपटारा किया गया। इसके अलावा, २,६१७ शिकायतें पेट्रोलियम मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ थीं, इनमें से २,४०९ का निपटारा किया गया। इसके अलावा केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के कर्मचारियों के खिलाफ २,१५०, रक्षा मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ १,६१९, दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ १,३०८, वित्त मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ १,२०२ और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के कर्मचारियों के खिलाफ १,१०१ शिकायतें मिलीं।

## सोलापुर में दो गुटों में झड़प, पथराव के आरोप में 10 लोग गिरफ्तार

**सोलापुर,** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में बुधवार रात



करीब 11:30 बजे शास्त्रीनगर इलाके में पथराव की घटना हुई।

रात में अचानक दो गुट आमने-सामने आ गए। इससे कुछ देर के लिए इलाके में तनाव पैदा हो गया। लेकिन पुलिस ने समय रहते आकर स्थिति पर काबू पा लिया। इस मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। कहा जा रहा है कि गणेशोत्सव मंडल के पदाधिकारियों के चयन को लेकर यह विवाद शुरू हुआ था।

## संजय राउत ने मोदी सरकार पर साधा निशाना, कहा- आप इतिहास नहीं बदल सकते



**मुंबई,** दिल्ली में नेहरू मेमोरियल म्यूजियम का नाम बदले जाने के बाद उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है. राउत ने पत्रकारों से कहा, 'उनके पास और क्या बचा है? आप इमारत का नाम बदल सकते हैं लेकिन आप इतिहास में वर्णित पंडित नेहरू का नाम नहीं बदल सकते।

आप महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सावरकर जी द्वारा बनाए गए इतिहास को नहीं बदल सकते। आप उनके जैसा इतिहास नहीं बना सकते इसलिए आप नाम बदल रहे हैं।' बता दें कि 14 अगस्त को नेहरू मेमोरियल संग्रहालय और पुस्तकालय का आधिकारिक तौर पर नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय सोसायटी किया गया है।

## एसटी कॉर्पोरेशन की वार्षिक रिपोर्ट; सड़क हादसों में हर साल वृद्धि



**मुंबई,** महाराष्ट्र की जीवन रेखा कही जाने वाली एसटी बसें चलती-फिरती ताबूत साबित हो रही हैं। एसटी बसों से होने वाले सड़क हादसों में हर साल वृद्धि हो रही है। वर्ष २०२२-२३ में राज्य में चलने वाली एसटी बसों से कुल ४ हजार ६५९ एसटी दुर्घटनाओं में३४३ नागरिकों की मौत हो गई जबकि ३ हजार ५८४ लोग घायल हुए हैं। एसटी कॉर्पोरेशन की वार्षिक रिपोर्ट में भी कहा गया है कि पिछले पांच साल में हुए हादसों की तुलना में इस साल सबसे अधिक हादसे हुए हैं। एसटी बसों की हालत बेहद ही खराब है। अक्सर बसों के ब्रेक फेल होने, इंजन फेल होने और स्टीयरिंग रॉड टूटने की वजह से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। साथ ही अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण भी होती हैं। कोरोना काल में २०१८ से २०२३ के बीच १,२०० से १,४०० दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, लेकिन कोरोना से पहले यानी वर्ष २०१८-१९ में तीन हजार ३१० दुर्घटनाएं हुईं और वर्ष २०१९-२० में तीन हजार ३३७ दुर्घटनाएं हुई हैं। २०१८ से २०२३ के बीच राज्य में एसटी दुर्घटनाओं में ५६१ पैदल यात्रियों की मौत हो गई है। सड़क पर चलते समय एसटी द्वारा कुचले जाने और एसटी से टक्कर के दौरान अन्य वाहनों के नीचे आने से उनकी मृत्यु हो गई है।

## कोल्हापुर में 3.4 तीव्रता का भूकंप, जमीन के 5 किमी नीचे था केंद्र

**कोल्हापुर,** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बुधवार सुबह भूकंप के हलके झटके महसूस किये गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि कोल्हापुर में आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 दर्ज हुई है। झटके सुबह 6 बजकर 45 मिनट 05 सेकंड पर महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 5 किलोमीटर की गहराई में था। फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।



# प्याज पर निर्यात शुल्क 40% तक बढ़ाने के मोदी सरकार का फैसला किसानों को बर्बाद करने वाला है :- नाना पटोले

## जब किसानों को प्याज की कीमत नहीं मिल रही थी, तब क्या मोदी सरकार सोती थी?

**मुंबई :** पिछले कुछ दिनों से किसानों को प्याज की अच्छी कीमत मिल रही थी, जिससे उन्हें कुछ पैसों का फायदा हो रहा था, लेकिन केंद्र की किसान विरोधी भाजपा सरकार को किसानों की यह खुशी बर्दाश्त नहीं हुई। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली मोदी सरकार ने प्याज के निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत तक बढ़ा दिया केंद्र सरकार के इस फैसले से पहले से आर्थिक संकटों का सामना कर रहे किसानों की हालत और खराब होगी। यह बात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कही है।

पटोले ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गर्मी के दिनों में प्याज की कीमत 300 से 400 रुपये प्रति क्विंटल थी। इस वजह से किसानों की उत्पादन लागत भी नहीं निकल रही थी। किसानों की सहायता के लिए कांग्रेस ने शिंदे - फडणवीस सरकार से सब्सिडी घोषित करने की मांग की जिसके बाद किसानों के लिए 350 रुपये प्रति क्विंटल सहायता राशि देने कि घोषणा की गई लेकिन यह राशि भी उन्हें नहीं मिली। फिलहाल किसानों को प्याज के लिए 2000 से 2500 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा था। त्योहारों के सीजन में किसान को चार पैसे मिल रहे थे, लेकिन जैसे ही किसान विरोधी मोदी सरकार ने प्याज के निर्यात शुल्क को बढ़ा कर 40 प्रतिशत कर दिया , प्याज की कीमत 1600 रुपए से नीचे आ गयी। बीजेपी सरकार की दलील है कि खुदरा बाजार में प्याज की कीमतों को काबू में रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। अगर मोदी सरकार की सच्ची इच्छा महंगाई कम कर जनता को राहत पहुंचाने की होती तो वह





बाजार में एलपीजी गैस सिलेंडर के अलावा पेट्रोल और डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की महंगाई को कम करने के लिए कारगर कदम उठाती, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्याज के निर्यात पर टैक्स बढ़ाए जाने का फैसला किसानों को बर्बाद करने का एक तरीका है। मुट्ठी भर पूंजीपतियों के हित में फैसले लेने वाली मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के किसानों का पलायन शुरू हो गया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों उप मुख्यमंत्रियों को दिल्ली की भाजपा सरकार से संपर्क करना चाहिए और प्याज किसानों के लाभ के लिए 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क रद्द करने के लिए उन पर दबाव बनाना चाहिए। जनता की सरकार होने का दिखावा करने वालों को नेताओं को प्रदेश में सिर्फ खोखले दावे कर शोर मचाने के बजाय दिल्ली में मोदी सरकार को अपना वजन दिखाना चाहिए। राज्य में प्याज किसानों ने निर्यात शुल्क में बढ़ोतरी का विरोध शुरू कर दिया है। कांग्रेस, किसानों इस मांग सही मानते हुए उनके साथ मजबूती से खड़ी है। पटोले ने यह भी कहा कि अगर किसानों की मांग कर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया गया तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

### तलाठी परीक्षा में नकल रोकें...

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में तलाठी पद के लिए परीक्षा चल रही है और इस परीक्षा प्रक्रिया की शुरूआत से ही छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कई छात्रों को उनके गांवों व शहरों से दूर-दराज इलाके में परीक्षा केंद्र उपलब्ध कराने से काफी असुविधा हुई है। पहले दिन पेपर लीक हो गया और सोमवार को कई केंद्रों पर सर्वर डाउन होने के कारण सुबह 10.30 बजे शुरू होने वाली परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू हुई। सरकार और परीक्षा कराने वाले कांट्रेक्टर यह कहकर जिम्मेदारी से नहीं बच सकते कि सर्वर डाउन होना एक तकनीकी समस्या है। हालांकि इस परीक्षा शुल्क के माध्यम से 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि एकत्र की गई है, फिर भी परीक्षा सुचारू रूप से क्यों नहीं चल रही है ? मुख्यमंत्री के यह कहने के दो दिन भी नहीं बीते कि तलाठी परीक्षा ठीक से कराना सरकार का कर्तव्य है, लेकिन इस कर्तव्य पर पानी फिर गया है। पटोले ने यह भी चेतावनी दी है कि सरकार को परीक्षा आयोजित करने की व्यवस्था दुरुस्त रखनी चाहिए अन्यथा उन्हें छात्रों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा।

# महाराष्ट्र में अब कांग्रेस में भी टूट, बीजेपी के साथ आएंगे विधायक!

## शिंदे गुट ने किया दावा इस नेता की वजह से टूटेगी पार्टी



**मुंबई,** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा उलटफेर चल रहा है. पिछले दो सालों में पहले शिवसेना टूटी और फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी. हालांकि राज्य में सियासी भूचाल का सिलसिला अभी थमा नहीं है, बल्कि शिंदे गुट के सांसद प्रतापराव जाधव ने एक और बड़े सियासी भूचाल की आशंका जताई है. बुलढाणा के शिंदे समूह के सांसद प्रतापराव जाधव ने दावा किया है कि आने वाले वक्त में कांग्रेस में भी टूट होगी और उनके विधायक, सरकार के साथ आएंगे. बुलढाणा जिले के शिंदे गुट के सांसद प्रतापराव जाधव के दावे के मुताबिक, कांग्रेस नेताओं का एक बड़ा समूह इस बात से नाराज है कि विपक्ष का नेता चुनते समय वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को दरकिनार कर दिया गया. ये ग्रुप जल्द ही कोई बड़ा फैसला लेगा और कांग्रेस के कई नेता महागठबंधन में शामिल होंगे. बुलढाणा में शिंदे गुट के सांसद प्रतापराव जाधव ने कहा, ''कांग्रेस में भी एक बड़ा समूह बन गया है. विपक्ष का नेता चुनते समय वडेट्टीवार जैसे कनिष्ठ नेता को चुनने से कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता नाराज हैं. इनका नाम बताने की जरूरत नहीं है. इनके बारे में आप सभी जानते हैं. साथ ही ये सभी समूह सही और बड़ा फैसला लेने के लिए तैयार हैं.' शिंदे गुट के सांसद प्रतापराव जाधव ने दावा किया जिस तरह से शिवसेना का एक बड़ा समूह महागठबंधन में शामिल हुआ. उसके बाद एनसीपी का एक बड़ा समूह भी महागठबंधन में शामिल हुआ. अब कांग्रेस का एक बड़ा समूह भी महागठबंधन में शामिल होने की राह पर है. कांग्रेस के कई नेता इसमें शामिल हैं. हमारे वरिष्ठ नेताओं से संपर्क हैं. कांग्रेस नेता, विधायक, सांसद निश्चित रूप से महागठबंधन में भाग लेंगे.

# महाराष्ट्र में बारिश का इंतजार बढ़ा

## अगस्त के अंत तक नहीं बरसेंगे बादल...

**मुंबई :** महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बारिश से किसानों को राहत मिली। मुंबई और आसपास के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इससे मानसून के दोबारा सक्रिय होने की उम्मीद जगी। हालांकि, कम दबाव क्षेत्र और उससे जुड़े चक्रवाती परिसंचरण के कारण राज्य में बारिश की तीव्रता में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई। कोंकण और विदर्भ के कुछ हिस्सों में अगस्त के आखिरी हफ्ते में बारिश की संभावना है। हालांकि, राज्य भर में बारिश का इंतजार सितंबर के पहले सप्ताह में खत्म होने की संभावना है।

मौसम विभाग की मानें तो कम दबाव का क्षेत्र और चक्रवाती मौसम राज्य में बारिश को प्रभावित कर रहा है। बीते दो दिनों में विदर्भ में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। विदर्भ को छोड़कर राज्य के कुछ हिस्सों में अलग-अलग स्थानों पर एक या दो बार तेज बारिश देखी गई। सोमवार को भी विदर्भ के सभी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।



आज के बाद विदर्भ में भी वातावरण शुष्क होने का अनुमान है। कोंकण, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में गुरुवार तक हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है। प्रदेश में मानसून के कमजोर पड़ने के चलते बारिश का आंकड़ा औसत से नीचे रहा है. जबकि मराठवाड़ा में अगस्त महीने में 71.7 प्रतिशत तक बारिश की कमी दर्ज हुई है। अगस्त के शेष दिनों में मानसून ब्रेक के कारण आंकड़ों में और गिरावट आने की संभावना है।

अगस्त की शुरूआत में भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो महीनों की भविष्यवाणी करते हुए बताया था कि इन दो महीनों के दौरान औसत बारिश होगी। चूंकि अगस्त में औसत से कम बारिश हुई है, इसलिए सितंबर में इस कमी की भरपाई संभव है। अगस्त के आखिरी सप्ताह में दक्षिण कोंकण और विदर्भ में बारिश में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि अनुमान है कि इसका दायरा सितंबर में बढ़ेगा।

वर्तमान में अल नीनो का प्रभाव बढ़ रहा है। अब तक समुद्र का तापमान बढ़ रहा था। हालांकि, अब वातावरण की हवा भी गर्म होने लगी है। परिणामस्वरूप बादल बनने और बारिश पर भी असर पड़ेगा। वहीं आईओडी पॉजिटिव हो रहा है। इससे भारत में बारिश को मजबूती मील सकती है। इसलिए, इस बात पर मौसम विशेषज्ञों का अधिक ध्यान है कि ये दोनों कारक आने वाले समय में वर्षा को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

# कपल से डांस करने का किया अनुरोध, मना किया तो मार दिया चाकू

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर जिले के एक गांव में एक समारोह के दौरान डांस करने से इनकार करने पर एक व्यक्ति ने कपल को कथित तौर पर चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

हुडकेश्वर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार रात खरसोली गांव में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी दिनेश सुभाषराव पाटिल (45) ने कथित तौर पर अपने पड़ोसी सुखदेव उइके (55) और उनकी पत्नी रेखा (50) पर हमला कर दिया, क्योंकि उन्होंने एक नामकरण



समारोह के दौरान डांस करने से इनकार कर दिया था। अधिकारी ने कहा कि पाटिल ने उइके से उनके साथ डांस करने का अनुरोध किया, लेकिन उइके ने इनकार कर दिया। हालांकि, जब पीड़िता ने बाद में मेजबान के अनुरोध पर डांस करना शुरू कर दिया तो आरोपी नाराज हो गया। उन्होंने बताया कि पाटिल ने कथित तौर पर उइके को अपशब्द कहे और जब वे समारोह से निकल रहे थे तो उन्होंने कपल पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

अधिकारी ने कहा कि उइके को चाकू से घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 324 (जानबूझकर खतरनाक हथियारों या साधनों से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# ईशान्य मुंबई की लोकसभा सीट को लेकर उद्धव गुट और शरद गुट आए आमने-सामने



**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेडे पर भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई की गिरफ्तारी से संरक्षण बरकरार रखा है। सोमवार को अदालत में सीबीआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता नहीं पेश हो सके। सीबीआई ने अदालत से सुनवाई के लिए अगली तारीख की मांग की। अदालत ने वानखेडे की याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर को रखी है।न्यायमूर्ति नितीन साम्ब्रे और न्यायमूर्ति राजेश पाटील की खंडपीठ के समक्ष सोमवार को समीर वानखेडे की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। वानखेडे ने याचिका में सीबीआई के उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की गयी है। सुनवाई के दौरान वानखेडे की ओर से वरिष्ठ वकील आबाद पोंडा, मामले में इंटरवेंशन याचिका दायर करने वाले ईश्वर लाल अग्रवाल की ओर से वकील निलेश ओझा और सीबीआई की ओर से कुलदीप पाटील पेश हुए। वानखेडे की ओर से वकील आबाद पोंडा ने याचिका पर अपनी दलील पेश करने के लिए तैयार थे, लेकिन सीबीआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के पेश नहीं होने से सुनवाई टल गई। अदालत ने वानखेडे को सीबीआई की गिरफ्तारी से संरक्षण देते हुए 5 सितंबर को सुनवाई की अगली तारीख रखी है। ड्रग्स पार्टी मामले में अक्टूबर 2021 में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई का आरोप है कि आर्यन को गिरफ्तारी से बचाने के लिए वानखेड़े और चार अन्य आरोपियों ने अभिनेता शाहरुख खान से 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी।'

# तकनीकी खामी से तलाठी भर्ती परीक्षा में विलंब

## राज्य सरकार ने जांच के आदेश दिये...

**मुंबई :** राज्य में टीसीएस के सर्वर में जिस 'तकनीकी खामी' के कारण तलाठी (राजस्व विभाग के कर्मचारी) भर्ती परीक्षा शुरू होने में दो घंटे की देरी हुई और अभ्यर्थियों को असुविधा हुई, उसकी जांच राजस्व विभाग के एक शीर्ष नौकरशाह करेंगे। महाराष्ट्र के एक कैबिनेट मंत्री ने यह जानकारी दी।

ऑनलाइन यह परीक्षा कराने का जिम्मा संभालने वाली कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने सुबह एक बयान में कहा, '' तकनीकी दल के अनुसार कोई केंद्रीय हार्डवेयर समस्या खड़ी हो गयी जिससे आज तलाठी भर्ती परीक्षा 2023 के सभी केंद्रों पर शुरू होने के समय पर असर डाला। (परीक्षा शुरू होने का समय पूर्वाह्न नौ बजे था लेकिन तकनीकी गड़बड़ी की वजह से यह 11 बजे शुरू हुई।)'' महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की घोषणा की और परीक्षार्थियों को हुई असुविधा को लेकर खेद प्रकट किया। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, '' राजस्व विभाग के अवर मुख्य सचिव



टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज के सर्वर में तकनीकी गड़बड़ी, जिससे तलाठी भर्ती परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को बड़ी असुविधा हुई, पैदा हो जाने के कारणों की जांच करेंगे। राज्य सरकार उन अभ्यर्थियों के प्रति खेद प्रकट करती है जिन्हें परीक्षा के शुरू होने में देरी होने के कारण असुविधा हुई।''

उन्होंने इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया कि राज्य में ऐसी परीक्षाएं आयोजित करने में अनुभव रखने वाली बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस के सिस्टम में कैसे तकनीकी गड़बड़ी हो गयी। मंत्री ने कहा, '' कंपनी ने राज्य सरकार को बताया कि उसके डाटा सेंटर में तकनीकी गड़बड़ी के कारण समस्या खड़ी हुई। मुझे आश्चर्य होता है कि टीसीएस जैसी कंपनी में ऐसी तकनीकी गड़बड़ी कैसे हो सकती है। कंपनी ने अन्य विभागों के वास्ते भी भर्ती परीक्षाएं आयोजित की हैं।''

विखे पाटिल ने कहा, '' परीक्षा शुरू हो गयी है। पहला सत्र नौ बजे शुरू होना था लेकिन वह 11 बजे शुरू हुआ। तब से परीक्षा के बाकी सत्र किसी भी और असुविधा से बचने के लिए आयोजित किये गये हैं।'' इससे पहले दिन में दिन में महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा था कि राज्य सरकार पूरे परीक्षा मुद्दे को संभालने में 'गैर जिम्मेदार' रही। वडेट्टीवार ने कहा था कि राज्य सरकार को प्रत्येक जिले में परीक्षा केंद्र खोलने चाहिए लेकिन उसने केवल चार केंद्र बनाए हैं जिसके कारण अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए लंबा सफर करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा था, '' उम्मीदवारों ने जागकर रातें गुजारी और आज सुबह उन शहरों में पहुंचे जहां परीक्षा केंद्र हैं लेकिन उन्होंने पाया कि परीक्षा कुछ समय के लिए रोक दी गयी है। कांग्रेस नेता ने कहा था, ''राज्य सरकार के ऐसे गैरजिम्मेदाराना बर्ताव को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अगर कोई उम्मीदवार निराश होता है और अपनी जान ले लेता है तो इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार होगी। सरकार ने परीक्षा कराने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था तक नहीं की।'' इस बीच एक सरकारी प्रस्ताव में बताया गया है कि राज्य में तलाठी के 32 प्रतिशत पद फिलहाल खाली हैं। अठारह अगस्त के इस प्रस्ताव के अनुसार राज्य में कुल स्वीकृत पद 15,744 हैं जिनमें 5038 पद खाली हैं और उन्हें भरने की प्रक्रिया चल रही है। तलाठी राजस्व विभाग का कर्मी होता है जिसका काम भूराजस्व की मांग, संग्रहण, भू- अधिकार के रिकार्ड, फसलों के निरीक्षण, सीमांकन , कृषि सांख्यिकी आदि गांव की भूमि संबंधी लेखा जोखा रखना होता है।

# दिलीप वलसे पाटिल का शरद पवार पर तंज...

## बोले- 'जनता ने बहुमत देकर एक बार भी नहीं बनाया CM'

**मुंबई :** अजित पवार गुट के नेता और कई सालों तक शरद पवार के सहयोगी रहे दिलीप वलसे पाटिल ने शरद पवार पर जोरदार हमला बोला है. दिलीप वलसे पाटिल ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा कि, जनता ने बहुमत देकर एक बार भी पवार को मुख्यमंत्री नहीं बनाया है.वहीं इस पाटिल के इस बयान से राजनीतिक क्षेत्र में हलचल मच गई है, क्योंकि वलसे पाटिल भले ही अब अजित पवार के साथ हैं, लेकिन उन्हें पवार का काफी वफादार माना जाता था.

एक समय के निजी सहयोगी से लेकर राज्य के गृह मंत्री तक का पाटिल का सफर भी अक्सर चर्चा में रहा है. वहीं वलसे ने पवार की इस तरह से आलोचना क्यों की, इसकी चर्चा अब शुरू हो गई है. बता दें कि, दिलीप वलसे पाटिल ने तंज कसते हुए कहा कि, हम मानते हैं कि देश



में शरद पवार के कद का कोई नेता नहीं है, लेकिन महाराष्ट्र की जनता ने शरद पवार को कभी बहुमत नहीं दिया. शरद पवार कभी भी अपने दम पर मुख्यमंत्री नहीं बन पाए हैं. जबकि, ममता बनर्जी, मायावती अपने दम पर मुख्यमंत्री बनीं. शरद पवार जैसे नेताओं के होते हुए केवल 60 से 70 विधायक ही चुने जाते हैं.

**नोटिस मिली तो विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा**

पाटिल ने आगे कहा कि, देश के कई राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों पर नजर डालें तो वे आगे बढ़ रही हैं. ममता बनर्जी, मायावती अपने दम पर मुख्यमंत्री बनीं. हमारे पास शरद पवार जैसे नेता हैं, लेकिन शरद पवार के नेतृत्व में हमारे 60 से 70 विधायक ही चुने जाते हैं. वलसे पाटिल ने ईडी की आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि, अगर किसी को नोटिस मिल गया तो वह तुरंत विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे.

उन्होंने कहा कि मैंने, अजित पवार और कुछ साथियों ने राज्य सरकार में भागीदारी की. इसका मतलब ये नहीं कि मैं भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गया, हम एनसीपी के साथ हैं. ईडी, सीबीआई आयकर के नोटिस की बात सिर्फ फैलाई जा रही हैं. दिलीप वलसे पाटिल ने चुनौती देते हुए कहा कि, अगर किसी को ऐसा कोई नोटिस मिले तो लेकर आएं, वह तुरंत विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे.

# इलेक्ट्रिक वाहनों की बिजली खपत बढ़ी,

## सितंबर 2022 की तुलना में जुलाई 2023 में हुआ तीन गुना इजाफा...

**मुंबई :** महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए बिजली का इस्तेमाल पिछले साल सितंबर में 4.56 मिलियन यूनिट से तीन गुना से ज्यादा बढ़कर जुलाई 2023 में 14.44 मिलियन यूनिट हो गया। एक आधिकारिक रिलीज में कहा गया है कि राज्य संचालित एमएसईडीसीएल, जिसे महावितरण भी कहा जाता है, ईवी के लिए चार्जिंग स्टेशन प्रदान करने के साथ-साथ निजी क्षेत्र को ऐसे बुनियादी ढांचे के साथ आने में मदद करने और क्षेत्र के संबंध में नीतियों में सरकार की सहायता करने जैसे अन्य कार्यों के लिए नोडल एजेंसी है।

एमएसईडीसीएल के सीएमडी लोकेश चंद्रा के हवाले से रिलीज में कहा गया है कि सितंबर 2022 में महाराष्ट्र में ईवी के लिए बिजली का उपयोग 4.56 मिलियन यूनिट था, जो मार्च में बढ़कर 6.10 मिलियन



यूनिट और इस साल जुलाई में 14.44 मिलियन यूनिट हो गया।

ईवी के लिए बिजली की बिक्री राज्य भर में 3,214 सार्वजनिक और निजी चार्जिंग स्टेशनों से हुई, इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र में ईवी की बिक्री 2018 में 4,643 यूनिट्स से बढ़कर 2022 में 1,89,698 और इस साल 31 मार्च तक 2,98,838 यूनिट्स हो गई। एमएसईडीसीएल की रिलीज में कहा गया है कि ईवी में दोपहिया वाहनों की संख्या 2.5 लाख से ज्यादा है। राज्य सरकार की इस एजेंसी की रिलीज में बताया गया, '2018 में सिर्फ चार इलेक्ट्रिक बसें बेची गईं, जो 2022 में बढ़कर 336 हो गईं और मार्च 2023 के आखिर में 1,399 हो गईं।' इसमें कहा गया है कि राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, जो एकनाथ शिंदे सरकार में ऊर्जा विभाग भी संभालते हैं, ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ईवी को बढ़ावा देने की मांग की है। रिलीज में कहा गया, 'पेट्रोल से चलने वाले एक पारंपरिक दोपहिया वाहन की परिचालन लागत 2.12 रुपये प्रति किलोमीटर है, जबकि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन के लिए यह 54 पैसे प्रति किलोमीटर है। पेट्रोल से चलने वाले चार पहिया वाहन की परिचालन लागत 7.57 रुपये प्रति किलोमीटर है, जो है इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन के मामले में सिर्फ 1.51 रुपये प्रति किलोमीटर है।'' रिलीज में कहा गया है कि पारंपरिक तिपहिया वाहन की परिचालन लागत 3.20 रुपये प्रति किलोमीटर है, जबकि इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन के लिए यह घटकर 59 पैसे प्रति किलोमीटर हो जाती है।



# संजय राउत को मनोरोग चिकित्सालय में भर्ती हेतु ठाणे बीजेपी नेता जेल अधीक्षक से मिले



**मुंबई :** ठाणे भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने ठाणे क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल के अधीक्षक से मांग की है कि निराधार और बेबुनियाद बयानों से समाज में फूट के बीज बोने वाले आंशिक ( उद्धव ठाकरे गुट की सेना ) शिवसेना सेना सांसद संजय राउत की मानसिक स्थिति खराब हो गई है और उन्हें तुरंत मनोरोग अस्पताल में भर्ती कराया जाना चाहिए।

भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मनोरोग अस्पताल के अधीक्षक से मुलाकात की. साथ ही उन्हें एक बयान भी दिया. इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक भरत चव्हाण, जयेंद्र कोली, गुलाब झा, सुनील कोलपाकर, सचिन सावंत, सूरज दलवी, नरेश ठाकुर, , पूनम शर्मा, आरती अभ्यंकर आदि उपस्थित थे इसके पूर्व ठाणे बीजेपी ने दैनिक समाचारपत्र सामना की प्रतियां और राज्य सभा सांसद संजय राउत की फोटो भी जलाई हैं महाराष्ट्र की राजनीति में उद्धव समूह की सेना के सांसद संजय राउत लगातार बेबुनियाद और बेबुनियाद बयान दे रहे हैं. केवल मीडिया में प्रचार पाने के लिए अनाड़ी टिप्पणियाँ की जा रही हैं। साथ ही, संजय राउत महाराष्ट्र में विभिन्न लोकप्रिय हस्तियों और विभिन्न समुदायों के खिलाफ बयान देकर समाज में कलह फैलाने की भी कोशिश कर रहे हैं। संजय वाघुले ने एक बयान में बताया है कि कुछ दिन पहले लोकप्रिय उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के खिलाफ लिखे गए संपादकीय के खिलाफ राज्य भर में कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी।

# पति से ज्यादा कमाती है बीवी तो गुजारा भत्ते की जरूरत?

## तलाक के मामले में जिला अदालत के फैसले पर मुंबई की कोर्ट ने उठाए सवाल

**मुंबई :** मुंबई की सेशन कोर्ट ने तलाक के एक मामले में जिला अदालत के इस फैसले को पलट दिया कि पति गुजारा भत्ता के तौर पर पत्नी को हर महीने 10 हजार रुपये देगा. कोर्ट ने कहा कि महिला की इनकम पति से कहीं ज्यादा है और वह अपना गुजारा कर सकती है. कोर्ट का कहना है कि गुजारा भत्ता यह सुनिश्चित करने के लिए दिया जाता है कि पत्नि को गरीबी और परेशानियों का सामना न करना पड़े, लेकिन इस मामले में महिला की सालाना इनकम तकरीबन 90 लाख रुपये है. बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, सेशन कोर्ट के जज एसबी पवार ने कहा कि तलाक के बाद दिए जाने वाले मेंटीनेंस अमाउंट में महिला की जरूरतें और पति की सैलरी का ख्याल रखने के साथ इसका भी ध्यान रखा जाता है कि महिला



नौकरी करती है या नहीं. कोर्ट ने यह भी कहा कि हालिया मामले में मजिस्ट्रेट ने आदेश पारित करते वक्त महिला के फाइनेंशियल स्टेटस पर गौर नहीं किया इसलिए गुजारा-भत्ता को रद्द कर दिया जाता है.

**सलाना करीब 90 लाख रुपये कमाती है बीवी**

सुनवाई करते हुए कोर्ट को पता चला कि पति और पत्नी की इनकम में काफी ज्यादा अंतर है. पत्नी एक बिजनेस संस्था की मालकिन हैं और इससे 2020-21 के दौरान उन्होंने सालाना 89,35,720 रुपये की कमाई की, जबकि पति की सालाना कमाई सिर्फ 3,50,000 रुपये ही थी और यह कमाई भी उन्होंने पत्नी के बिजनेस के जरिए ही की. कोर्ट ने कहा, 'ऐसी स्थिति में जिला अदालत द्वारा दिया गया गुजारे-भत्ते का आदेश मेरे हिसाब से तो कानून के तय नियमों के अनुरूप नहीं है. मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि आदेश में न कानूनी है और न ही उचित है.'

**पत्नी ने पति पर लगाए मानसिक उत्पीड़न के आरोप**

जिला अदालत ने डोमेस्टिक वायलेंस एक्ट के तहत दाखिल एक याचिका पर यह आदेश दिया था, जिसको सत्र अदालत में चुनौती दी गई. याचिका में पत्नी ने पति पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए दावा किया कि पति ने तलाक के समय पर उससे 4 करोड़ रुपये की मांग की थी. दिसंबर में जिला अदालत ने इस मामले में पति को पत्नी को गुजारा-भत्ता देने का आदेश दिया. वहीं, पति ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उसकी तलाकशुदा बीवी के लोगों से संबंध हैं.

# महिला पुलिसकर्मी और बेटी का घर पर मिला शव, 15 किलोमीटर दूर पेड़ पर लटक पति ने दी जान... हड़कंप

**बुलढाणा :** बुलढाणा जिले में एक महिला पुलिस अधिकारी और उसकी बेटी अपने घर में मृत पाई गईं। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि महिला के पति का शव घर से 15 किलोमीटर दूर पेड़ से लटका हुआ मिला। आरोप है कि पति ने ही अपनी पत्नी और 3 साल की बेटी की किसी धारदार वस्तु से हत्या कर दी। महिला पुलिस ऑफिसर की पहचान वर्षा कुटे के तौर पर हुई है। वर्षा की बेटी 3 साल की थी। बुलढाणा के चिखली शहर में पंचमुखी महादेव मंदिर के पास इनका घर है, जहां मां और बेटी के शव मिले।

पुलिस टीम ने बताया कि महिला के पति की पहचान किशोर कुटे के रूप में हुई है। शुरूआती



जांच के अनुसार, किशोर ने पहले अपनी पत्नी और बेटी की हत्या की। इसके बाद वह चिखली शहर से लगभग 15 किलोमीटर गया और एक पेड़ से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुटे दंपति की एक और बेटी है जो 8 साल की है। जब यह घटना हुई तब वह स्कूल में थी, इस तरह वो ऐसी किसी अनहोनी से बच गई। इस मामले को लेकर चिखली पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हुआ है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस हत्याकांड के पीछे क्या वजह थी, यह अभी तक नहीं पता चला है। इसे लेकर जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना पर हैरानी जताई है। इनका कहना है कि किशोर और वर्षा के बीच अच्छे संबंध थे। ऐसे में इन हत्याओं के पीछे किसी तीसरे शख्स का भी हाथ हो सकता है। आसपास के लोग कह रहे हैं कि घटना को लेकर हर एक एंगल से जांच की जानी चाहिए। ऐसा हुआ तभी सच सामने आ पाएगा। हालांकि, कुछ लोगों ने पति-पत्नी के बीच अनबन की बात भी कही है।

# बीजेपी पदाधिकारी पर हमला, अस्पताल में चल रहा है इलाज

**जालना :** पैसों के विवाद में एक स्थानीय बीजेपी पदाधिकारी घायल हो गया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि जालना में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर बीजेपी के एक स्थानीय पदाधिकारी पर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत महाजन ने बताया कि घटना रविवार शाम करीब छह बजे मंथा बाईपास के पास हुई।

इंस्पेक्टर प्रशांत ने बताया कि पीड़ित वीरेंद्र धोका एक स्थानीय बीजेपी नेता है जिसकी आरोपी आशीष ओझा से पैसों के विवाद को लेकर तीखी बहस हो गई। आरोपी ने कथित तौर पर पिस्तौल से गोलीबारी चला दी, लेकिन पीड़ित भागने में सफल रहा। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर पीड़ित के चेहरे और पेट पर चाकू से हमला किया। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित को गंभीर चोटें आईं हैं और उसे एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने के प्रयास कर रही है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी के खिलाफ 307 (हत्या का प्रयास) सहित भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पूर्व कृषि मंत्री दादा भुसे का विवादित बयान, बोले- 'किसान को 2 रुपये भी मिले तो बुराई नहीं'



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में प्याज के बढ़ते दाम को लेकर पूर्व कृषि मंत्री दादा भुसे का विवादित बयान सामने आया है. नासिक में दादा ने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर प्याज के दाम 20 से 25 रुपये महंगे हुए तो अगर दो-चार महीने प्याज नहीं खाया तो कुछ नहीं बिगड़ेगा. अगर किसान के परिवार को 2 रुपये मिल रहे हैं तो इसमें कोई बुराई नहीं है.' जानकारी के लिए बता दें कि केंद्र सरकार ने प्याज एक्सपोर्ट फीस 40 प्रतिशत बढ़ा दी है, जिसको लेकर किसान नाराज हैं. इसी बीच नाशिक के पालक मंत्री दादा भुसे ने आम जनता को एक अजीबोगरीब सलाह दी है. उन्होंने कहा है, ' दाम बढ़ने की वजह से अगर लोग प्याज नहीं खरीद सकते, तो दो-चार महीने न खाएं. इससे प्याज खराब नहीं होगा.' गौरतलब है कि प्याज निर्यात शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में सोमवार सुबह से ही नाशिक जिले में किसानों का विरोध प्रदर्शन चल रहा है. इस बीच दादा भुसे ने कहा कि किसानों को इस बात का डर सता रहा है कि प्याज के दाम गिर जाएंगे. वो व्यापारी भी चिंतित हैं जिन्होंने प्याज खरीद लिया है और उसे निर्यात करेंगे. ऐसे में संरक्षक मंत्री दादा भुसे ने वादा किया है कि सरकार इस बात का ध्यान रखेगी कि प्याज की कीमतें नहीं गिरेंगी. उनका कहना है कि केंद्र सरकार किसानों की बात सुनेगी और इसपर सकारात्मक रुख अपनाएगी. यह पक्ष-विपक्ष का मुद्दा नहीं है.



# विकास के समग्र दृष्टिकोण से कार्य हुआ मध्यप्रदेश में: अमित शाह

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने जारी किया मध्यप्रदेश का रिपोर्ट कार्ड

**भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश प्रगति के सभी क्षेत्रों में आगे है। भोपाल से लेकर हर चौपाल तक विकास हुआ है। मध्यप्रदेश में हॉलिस्टिक एप्रोच (समग्र दृष्टिकोण) से कार्य हुआ है। मध्यप्रदेश को देश के विकसित राज्यों में पहुँचाने का प्रयास किया गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश को प्रगति की ओर उन्मुख राज्य बनाया है। शाह आज भोपाल के कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में गरीब कल्याण महाअभियान में मध्यप्रदेश के रिपोर्ट कार्ड (2003-2023) को जारी कर संबोधित कर रहे थे।



मध्यप्रदेश कभी बीमारू कहा जाता था, आज बेमिसाल विकास का राज्य कहा जाता है। जो कभी बंटाढार माना जाता था, आज वह हर क्षेत्र में बुलंदियों पर खड़ा है। आज विकास की दृष्टि से हर पैरामीटर में मध्यप्रदेश आगे दिखाई देता है, जिसे कभी बर्बाद कर राइट ऑफ किया गया था। केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में सतत् विकास की ओर अग्रसर होना है। वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री मोदी जी ने मध्यप्रदेश को निरंतर और मन से आवश्यक सहयोग दिया है। बीमारू राज्य से बेमिसाल राज्य बनने वाले मध्यप्रदेश ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। मध्यप्रदेश का गठन वर्ष 1956 में हुआ।

वर्ष 1980 में आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञ आशीष बोस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को एक प्रतिवेदन दिया था जिसमें अविभाजित मध्यप्रदेश सहित, उत्तरप्रदेश, बिहार और राजस्थान को बीमारु राज्य कहा गया था। तब इन राज्यों को देश की ग्रोथ में बाधा मानते हुए कहा गया था कि इन राज्यों में सुधार आसान नहीं है। लेकिन मध्यप्रदेश ने इस टैग को खत्म किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को बीमारु राज्य से मुक्ति मिली है। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में सफलता मिली है। चाहे कृषि का क्षेत्र हो, युवाओं को स्वभाषा में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई की सुविधा देने का प्रश्न हो, महिलाओं का कल्याण हो, सड़क, पानी, बिजली का क्षेत्र हो, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र हो, गरीबों को योजनाओं का लाभ दिलवाने का कार्य हो, सभी में मध्यप्रदेश ने बीस वर्ष में उल्लेखनीय कार्य किया है।

### मध्यप्रदेश को देश का सबसे अग्रणी राज्य बनायेंगें

पहले टुकड़ों-टुकड़ों में विकास होता था, 25 हजार शौचालय बनाना है। अब आता है घर-घर शौचालय बनाना है, पहले आता था 10 हजार घरों में बिजली पहुँचाना है अब मोदी जी कहते हैं हर घर में बिजली होनी चाहिए, हर गरीब को घर मिलना चाहिए, हर गरीब को पीने का पानी मिलना चाहिए, हर गरीब के घर में गैस सिलेंडर पहुँचना चाहिए। संपूर्ण सैचुरेशन की दिशा में गरीब कल्याण का कॉन्सेप्ट स्वतंत्र भारत में अगर किसी ने लागू किया है तो हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक दौर था जब मध्यप्रदेश बीमारु राज्य था, पानी, बिजली, सड़क, डकैतों का आतंक जैसी कई समस्याओं से ग्रस्त था। आज हम इस छवि को बदलने में सफल रहे हैं। मध्यप्रदेश की अर्थ-व्यवस्था का आकार 2003 के 71 हज़ार करोड़ से विगत वर्ष 13 लाख 50 हज़ार करोड़ तक ला दिया गया है।

# कई देशों में कोरोना के नए वैरिएंट का अटैक, टीके भी बेअसर



**नई दिल्ली।** क्या कोरोना काल एक बार फिर लौटने वाला है? चार देशों में कोरोना के अब तक के सबसे घातक वैरिएंट ने अटैक किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका म्यूटेंट वर्तमान के सबसे घातक XBB 1.5 वैरिएंट से भी ज्यादा संक्रामक है। इस नए वैरिएंट पर वैज्ञानिकों ने चिंता जताई है। जानकारी के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और इजराइल में इस नए वैरिएंट के एक-एक मामले और डेनमार्क में तीन मामलों की पुष्टि हुई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह नया वैरिएंट इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि बाजार में प्राप्त कोरोना टीके भी इसके आगे बेअसर हो सकते हैं। इसमें मौजूद 36 म्यूटेंट इसे अन्य कोरोना वैरिएंट से ज्यादा घातक और संक्रामक बनाते हैं।

वैज्ञानिकों ने कोरोना के इस नए और घातक वैरिएंट का नाम BA.2.86 रखा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस नए वैरिएंट के मामलों के साथ कोविड-19 वायरस की एक नई लहर का अंदेशा जताया है। इस नए संक्रामक वैरिएंट ने नए सिरे से चिंता पैदा कर दी है। संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, इज़राइल में BA.2.86 के एक-एक मामले और डेनमार्क में तीन मामलों की पुष्टि हुई है।

# कलेक्टर एसपी के साथ विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने किया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम दौरे का स्थल निरीक्षण

## सारनी जन चिंगारी पावर प्लांट का भूमि पूजन से क्षेत्र के विकास में नई गति मिलेगी : डॉ योगेश पंडाग्रे

**सारनी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन को लेकरआज दिनांक 19 अगस्त दिन शनिवार को प्रातः 11ः00 बजे जिले के कलेक्टर व एसपी के साथ आमला सारणी क्षेत्र के विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे एसडीएम अभिजीत तहसीलदार महिमा मिश्रा नायब तहसीलदार संतोष कटारिया मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीके मेश्राम पीडब्ल्यूडी विभाग के सीईओ एसडीओ के साथ समस्त प्रशासनिक विभाग का बगडोना से लेकर सारणी तक मुख्यमंत्री जी के दौरे को लेकर सभी स्थलों का निरीक्षण किया गया।



आमला सारणी विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने बताया कि सारणी क्षेत्र में 660 यूनिट प्लांट के भूमि पूजन एवं फारेस्ट विभाग के तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्यक्रम को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी के दौरे का कार्यक्रम 24 तारीख लगभग तय होने में है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आने जाने वाले वाहनों का विश्राम स्थल हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड एवं सभा स्थल का निरीक्षण समस्त जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ यह दौरा कार्यक्रम था। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बर्दे ने कहा कि क्षेत्र में मुख्यमंत्री जी के दौरे को लेकर जनता के बीच में एक हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज लगभग 40 से 50 प्रशासनिक एवं कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का काफिला स्थल का भ्रमण से सारणी में एक उत्साह का माहौल बन गया है सारणी की जनता अपने प्रदेश के मुखिया का सारणी नगर में स्वागत करने के लिए आतुर है इसी कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के भी सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे जिसमें झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक विधायक प्रतिनिधी रंजीत सिंह, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुधा चंद्रा, मंडल के अध्यक्ष नागेंद्र निगम, सारनी ग्रामीण अध्यक्ष मोहन मोरे, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगन्नाथ डेहरिया, श्याम मदान, अरविंद सोनी, प्रकाश शिवहरे, कृष्णा साहू, रविन्द्र देशमुख, रेवाशंकर मगरदे, पार्षद भीम बहादुर थापा, योगेश बर्डे, प्रवीण सोनी, मनीष धोटे, प्रकाश डेहरिया, मुकेश जयसवाल, विनय मदने, अजय बग्गा, राहुल कापसे, संजय लोखंडे,दीपक सिंनोटिया सहित अनेक कार्यकर्ता अधिकारी एवं कर्मचारिगण उपस्थित थे।

# संवत्वसरी प्रतिक्रमण के साथ आज पर्यूषण पर्व का समापन एक दूसरे से मांगेंगे जाने अनजाने में की गई गलतियों की क्षमा

**भोपाल।** श्वेतांबर जैन समाज के आत्म शुद्धि के पर्युषण महापर्व के दौरान मंदिरों में अभिषेक पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से अनुष्ठान हो रहे हैं आज संवत्वसरी प्रतिक्रमण के साथ पर्युषण पर्व का समापन होगा समाज के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया सिटी मंदिर मारवाड़ी रोड में साध्वी अमि पूर्णा और लब्धि पूर्णा महाराज साहब के सानिध्य में संगीत मय पूजा अर्चना के साथ 24 तीर्थंकर प्रभु के गुणों की वंदना की गई श्वेतांबर जैन आचार्य जैन संतो के जीवन को दर्शाती हुई झांकी जिनालय परिसर में लगी हुई थी श्रद्धालु तप त्याग संयम की साधना के साथ निरंतर उपवास रख रहे हें साध्वी लब्धि पूर्णा महाराज साहब ने कहा अहिंसा ही परम धर्म है अहिंसा दया सात्विक आचरण शुद्ध विचार और परोपकार में ही धर्म पलता है जिनालय में सायं कालीन आरती कल्पसूत्र का वाचन हो रहा है श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश तातेड़ सहित अनेक लोग मौजूद थे तुलसी नगर जैन मंदिर मैं साध्वी अमीदर्शा श्री जी महाराज साहब के सानिध्य में भगवान आदिनाथ की अंग रचना की गई श्रद्धालुओं द्वारा भगवान आदिनाथ की भक्ति की जा रही है अमि दर्शा श्री जी ने कहा परिस्थितियों के अनुरूप धार्मिक अनुष्ठान नहीं होते सरल आचरण और शुद्ध मन के साथ अनुष्ठान किए जाते हैं धार्मिक अनुष्ठानों में समय वातावरण और बाबू का ही प्रभाव पड़ता है अध्यक्ष वीरेंद्र कोठारी सहित अनेक धर्मावलंबी मौजूद थे अंशल जैन ने बताया वहीं दूसरी और दिगंबर जैन समाज पर्युषण महापर्व की शुरुआत 19 सितंबर से होने जा रही है 10 दिवसीय पर्यूषण पर्व का समापन 28 सितंबर को होगा शहर के सभी मंदिरों में विशेष अनुष्ठानों के 10 धर्मों की आराधना होगी क्षमा धर्म के साथ आत्म शुद्धि के पर्व की शुरुआत होगी पर्व के चलते मंदिर समितियां ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

# लगातार हो रही बारिश से सतपुड़ा जलाशय के सात गेट खुले

**सारनी।** जन चिंगारी लगातार हो रही बारिश की वजह से सतपुड़ा जलाशय प्रबंधन को लगभग 2 घंटे तक सात गेट 8 फीट खोलना पड़ा था सात गेट खुलने पर सेकंड 44 हजार क्यूसेक पानी सतपुड़ा जलाशय से छोड़ा गया है। उसके बाद सतपुड़ा जलाशय के सात गेट 2 फीट पर समाचार लिखे जाने तक पानी छोड़े जाने का सिलसिला जारी था जानकारों का कहना है कि 7 गेट 2 फीट की ऊंचाई पर खुले होने की वजह से पर सेकंड 12 हजार क्यू सेक पानी छोड़े जाने का सिलसिला अभी भी जारी है। बताया जाता है कि 24 घंटे में 154 एमएम बारिश क्षेत्र में दर्ज की गई है



16 जून से लेकर अभी तक 852 एमएम बारिश दर्ज की जा चुकी है जो कि इस वर्ष कम बारिश हुई है।

क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में 16 सौ एमएम बारिश होती है।लेकिन इस बारिश में बारिश का मौसम समय-समय पर दगा दे गया है। लेकिन लगातार दो दिनों से मौसम सक्रिय होने की वजह से संपूर्ण शहरी ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। सतपुड़ा जलाशय में वर्तमान समय में 1431 फीट पानी का लेवल दर्ज किया गया है। इसके अलावा सतपुड़ा जलाशय के सात गेट खोले जाने की वजह से प्रशासन के माध्यम से वह क्षेत्र जहां पर पुलियों का निर्माण नहीं हो पाया है उन गांवों को अलर्ट करने का कार्य किया गया है।

लगातार हो रही बारिश की वजह से सतपुड़ा जलाशय के सात गेट 2 फीट खोलकर पर सेकंड 12 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जा रहा है जिसकी वजह से नर्मदा नदी भी अपने खतरे के निशान पर पहुंच रही है। जानकारों का कहना है कि लगातार इसी तरह बारिश का दौर जारी रहा तो आने वाले समय में सतपुड़ा जलाशय की गेट की संख्या और बढ़ाई जा सकती है।

# विधायक सुखदेव पांसे का माना आभार



**रानीपूर।** घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के युवा नेता अनुराग हाथिया को ब्लॉक यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक सुखदेव पांसे का आभार व्यक्त किया गया ।इस बीच यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव भूषण कांति,जिलाध्यक्ष अंबर दीप बुनकर,सोसल मिडिया विधानसभा अध्यक्ष रितेश विश्वकर्मा ,प्रहलाद धुर्वे, अमरनाथ यादव,उमेश सलाम,रोशन झल्लारे, आकाश मलैया,गोलू भलावी,संजू यादव, तुषार बिहारे, राजा झल्लारे,मोहित हाथिया,निमेश कहार, मोनू विश्वकर्मा,दीपक तुमडाम,भविष्य हाथिया,सभी साथी उपस्थित थे ।

# मीडिया संगठन के पत्रकारों ने भरी हुंकार, निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पहुंचे सिवनी कलेक्ट्रेट एवं एसपी कार्यालय

## झूठी शिकायत करने वाले पर नही हुई कार्यवाही, तो होगा सीएम हाउस में धरना प्रदर्शन



**छिन्दवाड़ा।**

**छिंदवाड़ा।** सिवनी जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में कार्यरत मीडिया संगठन मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों की आज एक अहम बैठक विश्राम गृह सिवनी में आयोजित की गई, जहां मीडिया संघठन के मार्गदर्शक सलाहकार वरिष्ठ पत्रकार राजीव विश्वकर्मा जबलपुर सहित मीडिया संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गयाप्रसाद सोनी, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुनिता सोमकुंवर, प्रदेश महासचिव युनुस कुरैशी, प्रदेश सचिव रमेश पातुरकर, प्रदेश कार्यवाहक जितेंद्र सिंह ठाकुर संभागीय महासचिव आबिद खान सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए ,जहां जिला सिवनी अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों का परिचय करवाकर आमंत्रित अतिथियों का पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया।बैठक के दौरान मीडिया संगठन मध्यप्रदेश से जुड़े छिन्दवाडा जिला अध्यक्ष मनेश साहु व उनकी पुरी जिला व तहसील पदाधिकारी की टीम सहित विभिन्न जिलों से आमंत्रित पत्रकार साथियों द्वारा जिला कार्यकारणी को कई विषयों में मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही संगठन से जुड़े पत्रकार साथियों को पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली कठनाइयों को लेकर विचार विमर्श के साथ ही उचित मार्गदर्शन दिया गया।

यहां बताते चले की मीडिया संगठन सिवनी इकाई द्वारा यह बैठक एक महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर रखी गई थी , जिसमे लखनादौन जनपद के सरपंच संघ के अध्यक्ष सौकलाल कुलस्ते द्वारा अपने लेटर पैड पर फर्जी एलएलबी की डिग्री लिखा कर पत्रकारों ,अधिकारियों की आए दिन झूठी शिकायत करते रहता है। उक्त मामले को मीडिया संगठन से जुड़े जिले के पत्रकार साथियों द्वारा विगत जुलाई माह में एसडीएम लखनादौन कलेक्टर सिवनी, पुलिस अधीक्षक सिवनी को मीडिया संगठन के लेटर पैड में ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की गई थी ज्ञापन सौपे जाने की तिथि से लेकर अब तक एक माह बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा झूठी शिकायत करने वाले सरपंच संघ के अध्यक्ष पर कोई कार्रवाई न करते हुए इसके उलट शिकायत करने वाले पत्रकारों को फर्जी करार दिए जाने के विरोध पर आज जिला मीडिया संगठन से जुड़े जिला पदाधिकारी सहित प्रदेश के अन्य जिलों से पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार साथियों के द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर उक्त ज्ञापन को संज्ञान में लेकर कार्रवाई की मांग पुनः दोहराई गई।

# वर्षावास हेतु पधारे साध्वीवर्या प पू मुक्ति रेखा श्री जी म सा प पू अस्मिता श्री जी म सा की निश्रा मे महामृत्युंजय तप 30 का उपवास

आगर मालवा शनिवार को वर्षावास हेतु पधारे साध्वीवर्या प पू मुक्ति रेखा श्री जी म सा प पू अस्मिता श्री जी म सा की निश्रा मे महामृत्युंजय तप 30 का उपवास गरम जल पर आधारित तपस्या (मासक्षमण)के तपस्वी मंजुबेन पंकज झाला, वीसस्थानक तप के लिए 43तपस्वीयो, अठ्ठाई तप के तपस्वियों श्रीमती पद्माबेन जैन,रिद्धि कटारिया, तनिष्क जैन एवं अठ्ठम तप के अर्हम जैन, अविशि जैन, आध्या जैन, कृतिका कोठारी तपस्वियों और दीक्षार्थी सैलाना के 12 वर्षीय दिव्यांश भाई, माकड़ौन निवासी उज्जवल भाई का वरघोड़ा निकाला गया वरघोड़े में भगवान की वेदीजी भी शामिल हुई जो घाटी निचे से पुराने मार्केटिंग



सोसायटी, नाना बाजार, अजीतनाथ जैन मंदिर, सरकार बाबा, हाटपुरा झंडा चौक,सतीरोड,जैन ओसवाल भवन पहुंचा वरघोड़े में समाजजनों ने जगह जगह भगवान की वेदीजी के समक्ष गहुली की व तपस्वियों व दीक्षार्थी का बहुमान किया वरघोड़े में मनोहर महिला मण्डल, बहु मण्डल,वासुपुज्य मण्डल बालिका मण्डल भी आकर्षक परिधान में आगे आगे चल रहे थे ओसवाल भवन पहुंचने पर वरघोड़ा धर्म सभा में परिवर्तित हो गया जहां पर साध्वी प पू मुक्ति रेखा श्री जी ने कहा कि सच्चा तप भुखा रहना नहीं ही नहीं बल्कि अपनी इच्छाओं पर काबू पाना है सच्चा तपस्वी वहीं जो अपनी इच्छाओं पर काबू पा ले तप की अनुमोदना करते हुए कहा कि सिर्फ मनुष्य गति एसी है जिसमें आत्मा स्वेच्छा से आहार एवं रसनेन्द्रिय पर काबू पाकर परमात्मा महावीर के बताए तप धर्म का अनुसरण कर आत्मकल्याण कर सकता है धर्म सभा में तपस्वियों का बहुमान पुर्व समाज अध्यक्ष सुरेंद्र मारु, भण्डारी वकील सा, सागरमल डगवाले, मुमुक्षु का बहुमान धर्मचंद कोठारी, केशरी मल कोठारी ने किया और आभार समाज अध्यक्ष विनोद जैन श्रीपाल ने किया तत्पश्चात जैन श्वेताम्बर मुर्तिपुजक संघ साधर्मिक वात्सल्य हुआ बड़ी संख्या में समाजजनों ने सभी कार्यक्रमों उत्साह पूर्वक भाग लिया यह जानकारी समाज के अशोक नाहर ने दी।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिले में अभी तक 14469 लाड़ली बहनों का पंजीयन

**छिन्दवाडा।**

छिन्दवाड़ा/मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में किए गए परिवर्तनों के साथ 25 जुलाई से इस योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में पुनः पंजीयन जारी है । योजना में 21 से 23 वर्ष की विवाहित बेटियों को शामिल किया गया है। साथ ही फोर व्हीलर होने पर पात्रता न होने के प्रावधान के अनुसार परिवार में ट्रेक्टर होने के कारण जो बहनें छूटी थीं, उन्हें भी योजना में शामिल किया गया है। इस योजना के अंतर्गत जिले में अभी तक 14 हजार 469 लाड़ली बहनों का पंजीयन किया गया है ।

# विधायक कप के अंतर्गत 24 अगस्त को सौंसर में पुरुष वर्ग की कबड्डी खेल प्रतियोगिता

**छिन्दवाड़ा।**

*छिन्दवाड़ा/ जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विधायक कप 2023 का आयोजन किया जा रहा है।*

इसी तारतम्य में विधानसभा क्षेत्र सौंसर में विधायक श्री विजय चौरे की मंशानुसार आज विधायक कप 2023 का आयोजन किया जाना था, किन्तु बारिश के कारण खेल प्रतियोगिता को स्थगित कर दिया गया है। अब आगामी 24 अगस्त 2023 को अण्णा भाउ साठे भवन सौंसर में पुरुष वर्ग की कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें सौंसर विधानसभा क्षेत्र की टीमें भाग ले सकती हैं ।

अधिक जानकारी के लिये श्री ज्ञानेश्वर गावडे से मोबाईल नंबर- 7566032217 अथवा सुश्री प्रीति सिंह मार्को से मोबाईल नंबर-8770717548 पर संपर्क पर किया जा सकता है।



# बाल्ड लुक में नजर आए सलमान खान

**सलमान** खान ने अपने नए लुक से सभी को चौंका दिया है। रविवार रात सुपरस्टार को बाल्ड लुक में मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर स्पॉट किया गया। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

भाईजान का नया लुक

वीडियो में सलमान अपनी सिक्योरिटी टीम के साथ मुंबई की एक पार्टी में शामिल हुए। सलमान इससे पहले फिल्म तेरे नाम और सुल्तान में गंजे लुक में नजर आ चुके हैं। इस दौरान एक्टर ब्लैक शर्ट और मैचिंग पैंट में नजर आए। वह अपनी कार से बाहर निकले और रेस्टोरेंट के अंदर जाने से पहले आसपास के लोगों से हाथ मिलाया।

भले ही सलमान ने अपने इन नए लुक के बारे में कुछ नहीं कहा, पर हेयर स्टाइल को देख कर अटकलें लगने लगीं। फैंस का मानना का है की सलमान ने ये लुक 'तेरे नाम 2' के लिए अपनाया है।

फैंस ने दिए ऐसे रिएक्शन

सलमान ने अपने इस नए लुक से सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा। सोशल मीडिया पर जहां कुछ लोग एक्टर के लुक को पसंद कर रहे तो वहीं कई लोगों ने उन्हें ट्रोल किया है। वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'तेरे नाम 2 लाने की तैयारी।' दूसरे ने लिखा, इसे नया लुक नहीं टकला कहते हैं।' वहीं तीसरे ने लिखा, 'भाई खतरनाक लग रहे हो, ये आजकल के कबीर सिंह वाले जमाने के लड़के क्या समझेंगे।'



# एक्ट्रेसेस भूल गईं शर्म और पार कर गईं हद, पर्दे पर लगा दी इतने ज्यादा बोल्ड सीन्स की झड़ी

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस बोल्ड सीन्स देने में बिलकुल नहीं हिचकिचाती हैं. यही वजह है कि फिल्में हों या वेब सीरीज, कई एक्ट्रेसेस ने बिना शर्म और लाज के जमकर लवमेकिंग सीन्स दिए हैं. इन



सीन्स की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैली थीं. नजर डालिए कुछ ऐसे ही सीन्स पर...

तमन्ना ने जब से ओटीटी पर डेब्यू किया है. उनकी दो वेबसीरीज जी करदा और लस्ट स्टोरीज 2 केवल उनके लवमेकिंग और सेक्स सीन्स के चलते चर्चा में है. इन दोनों ही वेब सीरीज में तमन्ना ने बोल्डनेस की सारी हदें पार करते हुए जमकर बोल्ड सीन दे डाले जिसकी वजह से उन्हें काफी आलोचना भी झेलनी पड़ी.

ईशा गुप्ता ने फिल्मों और सोशल मीडिया पर तो बोल्डनेस दिखाई ही है लेकिन ओटीटी पर वो और ज्यादा बोल्ड हो गई थीं. आश्रम वेबसीरीज में उन्होंने बॉबी देओल के साथ जमकर सेक्स सीन्स दिए थे जिसके चलते वो काफी चर्चा में आ गई थीं.

कियारा ने लस्ट स्टोरीज में विक्की कौशल के साथ लवमेकिंग सीन तो दिया ही था. इसके अलावा भी उनका एक बोल्ड सीन विवादों में आ गया था.

वेब सीरीज शी में एक्ट्रेस अदिति पोहानकर ने भी बोल्ड किरदार निभाया था. उन्होंने कई एक्टर्स के साथ सेक्स सीन्स दिए थे. सीरीज में अदिति के काम की काफी तारीफ हुई थी.

लस्ट स्टोरीज में ही भूमि पेडनेकर ने भी बोल्ड सीन्स की झड़ी लगा दी थी. उनका ऐसा अंदाज देख फैन्स चौंक गए थे.

# फिर टॉपलेस होकर खाने की चीज से ढका बदन, लुक देख शर्म से कर लेंगे आंखें बंद!

**बोल्डनेस** और अतरंगी फैशन की क्वीन उर्फी जावेद हर दिन ही अपने नए-नए आउटफिट्स से लोगों के होश उड़ाने का काम करती हैं. ऐसे उर्फी टॉपलेस भी कई बार हो चुकी हैं. लेकिन इस बार उर्फी ने टॉपलेस होकर प्राइवेट पाट्र्स को खाने की एक मीठी-मीठी चीज से कवर किया है. जी हां...बोल्डनेस की हदों को पार करते हुए उर्फी ने बदन को क्रॉसिएंट (एक तरह के मफिन) से कवर किया है. उर्फी जावेद ने नए टॉपलेस लुक की फोटो कुछ ही देर पहले अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है. पोटो में हसीना बॉडी के ऊपरी हिस्से पर बिना कोई कपड़ा पहने कैमरा के सामने पोज कर रही हैं. लेकिन उर्फी ने अपने प्राइवेट पाट्र्स को दो क्रॉसिएंट से ढका है. साथ ही साथ उर्फी ने अपनी बोल्ड फोटो के साथ एक कैप्शन भी दिखा है. उर्फी ने लिखा- 'मेरे पास मफिन है कहने के लिए!' उर्फी के नए लुक के साथ-साथ उनके कैप्शन ने भी नेटीजन्स को कंफ्यूज कर डाला है. उर्फी जावेद अपने बेबाक और बेपरवाह अंदाज के लिए पहचानी जाती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस से सोशल मीडिया सेंसेशन बनीं उर्फी ने एक इंटरव्यू दिया है, जहां उन्होंने बताया कि एक बार उन्हें 40 लाख का लीगल नोटिस मिल गया था. उर्फी का कहना है कि करियर के शुरूआती दिनों में उन्हें एक वेब सीरीज का ऑफर मिला था, लेकिन उसमें उन्हें इंटीमेट सीन्स करने के लिए कहा गया. उर्फी ने कहा- वह इस बात से राजी नहीं थीं तो उन्होंने मना कर दिया लेकिन मेकर्स ने इसके बाद उन्हें 40 लाख का लीगल नोटिस भेज दिया था. उर्फी ने खुलासा करते हुए कहा कि इस लीगल नोटिस के बाद उन्हें सुसाइड के ख्याल आने लगे थे. लेकिन वह मजबूती से इससे निकलीं और आज तो उन्हें हर दिन लीगल नोटिस आते हैं और हर दिन उनपर नया केस फाइल होता है.



# सचिन सिंह के द्वारा गाया हुआ गाना 'मिलके तुझे' को श्रोताओं ने सराहा

सचिन सिंह के द्वारा गाया हुआ प्यार भरा गाना 'मिलके तुझे' Gunnies BOOK World Record से सम्मानित सचिन सिंह के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल "ICONIC Band & Production" और सभी ऑडियो प्लेटफार्म पर प्रसारित हो चूका है जो को लोगो द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है लोग इस गाने को बहुत प्यार दे रहे है। 'मिलके तुझे' गाने को बॉलीवुड के गायक संगीतज्ञ और लेखक सचिन सिंह और रिद्धि भानुशाली ने गया है और धुन, लेखनी भी सचिन सिंह की है।




मिलके तुझे गाने में अन्य कलाकारों का सहयोग बहुत ही सराहनीय है गाने में एक्टिंग सचिन सिंह और शिवांगी सिंह ने किया है जिसकी लोग काफी तारीफ कर रहे है, गाने का म्यूजिक रोनित हलदर ने बनाया है और निर्देशक अभिनय कुमार, निक्कू आर्य, विडिओ शूट बाबा आनंद ने की है, विडिओ एडिटिंग उत्सव वर्मा, आफताब और विशाल ने किया है, प्रमोशन कुलदीप कुमार अन्य सहायक कलाकार शीतल सिंह (बनारस), हृषिकेश, कृष्णा, प्रीतम है. आप सभी से अनुरोध है इस मनमोहक गाने को ICONIC Band & Production पे सुनिए और अपना प्यार और आशीर्वाद प्रदान करे।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी बंजावड़ी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सएप नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com